तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 अब हसदेव नदी तट से गुजरेंगे भारी वाहन, बन रही सड़क



## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के भूविस्थापितों का आमरण अनशन कल

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा के लिए वर्ष 1979-80 में ग्राम चारपारा की भूमि अर्जन के बाद 43 साल बाद भी रोजगार नही देने से नाराज भूविस्थापित आंदोलन कर रहे हैं उन्होंने 30 जनवरी से कलेक्टर कार्यलय के सामने आमरण अनशन शुरू करने का फैसला लिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च भी करेंगे।

### राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन 2 से

**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार बालको में विगत 10 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 फरवरी तक युवा समिति के तत्वाधान में बालको राम मंदिर के समीप किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार, तृतीय पुरस्कार 12 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार के अलावा बेस्ट रेडर को 1000, बेस्ट कैचर को 1000, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2000 एवं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम को 2000 का पुरस्कार एवं शील्ड के साथ साथ सभी विजेता टीम को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 301 रूपये एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 1 फरवरी रखा गया है। युवा समिति के अध्यक्ष केशव चन्द्रा ने जिले के कबड्डी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील किया है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए स्कूल स्तर पर प्री बोर्ड परीक्षाएं

**कोरबा।** सीजी बोर्ड के तहत स्कूलों में वीकली व मंथली टेस्ट लगातार हो रहे हैं। इसके माध्यम से छात्रों की परीक्षा तैयारियों का आंकलन किया जा रहा है। इसलिए जिला स्तर पर प्री बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। फिलहाल इसे लेकर कोई निर्देश अब तक नहीं आया है। स्कूल चाहे तो अपने स्तर पर प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन कर सकते हैं। सीबीएसई से जुड़े निजी स्कूलों में दसवीं और बारहवीं के प्री-बोर्ड एग्जाम हो चुके हैं। पिछले कुछ वर्षो से प्री-बोर्ड जिला स्तर पर आयोजित की जाती रही है। इससे यह परीक्षा सभी सरकारी स्कूलों में एक साथ होती है। इसी तरह इसके प्रश्न पत्र भी बोर्ड के ब्लू प्रिंट के अनुसार तैयार किए जाते हैं। लेकिन इस बार प्री-बोर्ड को लेकर कोई निर्देश नहीं है। इस वजह से कितने स्कूलों में यह परीक्षा होगी यह तय नहीं है। कुछ स्कूल अपने स्तर पर यह परीक्षा आयोजित करने की तैयारी में है। लेकिन कई स्कूलों में यह परीक्षा नहीं होगी। इसका नुकसान छात्रों को होगा। 10वीं-12वीं सीजी बोर्ड के तहत स्कूलों की प्रैक्टिकल एग्जाम व प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षाएं 31 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षाएं 10 जनवरी से शुरू है। अधिकांश स्कूलों में इसका आयोजन किया जा चुका है। कुछ स्कूलों में अगले सप्ताह प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा होगी। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होगी।

### आयुष्मान कार्ड महा अभियान शुरू

**कोरबा।** विकासखंड पाली में 28 से 30 जनवरी तक छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही आधार शिविर भी ग्राम में आयोजित है। बम्हनिकोंना में 29 जनवरी को मुड़ापार, रेकी, चैनपुर, रामपुर, रैनपुर खुर्द, बंधाखर, बसीबर, रंगोले, तिवारता, सिरकी खुर्द, बड़े बांका, नानबंका, मदनपुर, पुतेलामुदा, डोंगानाला, दामिया, सरायपाली, करतला, धौरा भाटा, नुनेरा, सेंद्रीपाली, कांजीपनी, मंगमार, मानिकपुर, चैतमा, गोपालपुर, पटपरा,डोंडकी, सगुना, इराफ, 30 जनवरी को सिरली, उतरदा, कोरबी, भलपहरी, केराकछार, लिटियाखार, डूमर कछार, मुंगडीह, तालापार, नवापारा, राम कछार, पहाड़ जामदी, सैला, पुलाली कला के समस्त बचे लाभार्थी जिनका भी आयुष्मान भारत कार्ड नही बना है वे सभी ग्रामवार निर्धारित दिवस कैंप में शामिल हो कर अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकते हैं।

## लगातार तेज ध्वनि से लोग हैं परेशान

# डीजे की तेज धुन बजी तो खैर नहीं थानेदारों को मिले डेसिबल मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छोटे से छोटा कार्यक्रम हो उसमें डीजे बजाना आजकल फैशन हो गया है और खासतौर पर शहर हो या

**खास बातें**

- एसपी की पहल पर जिले के सभी थानों को उपलब्ध कराई गई है मशीन
- शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में डीजे की तेज आवाज से लोग हैं परेशान

फिर ग्रामीण क्षेत्र सभी गली मोहल्ले में आजकल डीजे की तेज आवाज लोगों को परेशान कर रही है। अब तेज आवाज में डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों की खैर नहीं है। जिला पुलिस के सभी थाना चौकी प्रभारी के क्षेत्र में माप से अधिक डीजे बजाते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिला पुलिस ने सभी



कुसमुण्डा पुलिस द्वारा जप्त की गई डीजे।

थानेदारों के हाथों में डीजे की आवाज मापने वाली यंत्र थमाई है।

उल्लेखनीय की हाईकोर्ट ने डीजे की तेज आवाज पर संज्ञान लिया था और साथ ही कार्रवाई का फरमान जारी किया था। आए दिन शादी पार्टी बर्थडे पार्टी सहित अन्य कार्यक्रमों में डीजे बजाना फैशन का दौर बन चुका है। वहीं डीजे संचालक मापदंडों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखते हैं और इतनी तेज आवाज में डीजे बजाते हैं कि लोग इस कानफोडू आवाज से हलाकान हो जाते हैं। कई बार इसे लेकर शिकायत भी की गई है और प्रशासन ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई का फरमान भी जारी किया है लेकिन चंद दिनों ही ऐसी कार्यवाही का असर होता है जिसके बाद नतीजा सिफर ही नजर आता है और सड़कों, गली, मोहल्ले और होटल में फिर से डीजे संचालकों की धमाचौकड़ी सुनाई देती है। जिससे आम लोग हलाकान रहते हैं। अब ऐसे लोगों को बक्सा नहीं जाएगा। यदि हाई डेसिबल में डीजे बजाते पाया जाएगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने सभी थाना और चौकी प्रभारी को दिए संचालकों पर फरमान जारी कर दिया है और साथ ही डीजे की आवाज को मापने वाली यंत्र भी खरीदकर थानेदारों के हाथों में दे दी गई है ताकि डीजे बजती नजर आए तो थानेदार तत्काल मौके पर पहुंच सके और उसकी आवाज को माप सके और यदि वे मापदंडों के अनुरूप नहीं बज रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। निश्चित तौर पर पुलिस की कार्यवाही से तेज आवाज व धुन में डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों पर शिकंजा कसेगा और आम लोगों को राहत मिलेगी।

### कुसमुण्डा में हुई पहली कार्रवाई

कुसमुण्डा थाना प्रभारी मनीष नागर पेट्रोलिंग के दौरान गेवरा बस्ती भस्माखार मनगांव तरफ रवाना हुए थे कि भरगखार मनगांव निवासी रामखिलावन पटेल अपने घर के बाहर 6 नग साउंड बॉक्स, मय डीजे साउंड सिस्टम (एम्पलीफायर) तथा एक पेन ड्राइव से तेज ध्वनि में बजाते मिला। जिसे बिना अनुमति के निर्धारित ध्वनि सीमा से ध्वनियंत्रो से ध्वनि प्रदुषण करने पर मौके पर रामखिलावन पटेल 35 वर्ष पिता रामकृष्ण पटेल के विरुद्ध कोलाहॉल अधिनियम की धारा 5, 15 के तहत 6 नग साउंड बॉक्स, मय डीजे साउंड सिस्टम (एम्पलीफायर) तथा एक पेन ड्राइव जप्त कर लिया गया है।

### बोर्ड परीक्षा सिर पर, छात्र भी हैं परेशान

10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 1 व 2 मार्च से प्रारंभ होनी है। इसके लिए सभी स्कूलों में तैयारी जोर-शोर से चल रही है व छात्र-छात्राएं भी बोर्ड एग्जाम में अच्छे नंबर हासिल करने के लिए घरों में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं लेकिन गली मोहल्लों में डीजे की तेज धूम से छात्रों की पढ़ाई भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। लोग बिना अनुमति के गली मोहल्ले में छोटे छोटे उत्सव पर ही डीजे की तेज धुन देर रात तक बजा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार रात 10 बजे के बाद साउंड पूरी तरह से प्रतिबंध होना चाहिए लोग नियमों को ताक में रखकर देर रात तक डीजे की धुन पर थिरक रहे हैं। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना जरूरी है ताकि छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई किसी तरह से प्रभावित न हो।

# दुनिया में कुछ विरले लोग होते हैं जो अपने सत्कर्म के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परममित्र मानव निर्माण संस्थान व सिंधू समूह के संस्थापक, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दूरदृष्टा स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के निर्वाण दिवस पर 27 जनवरी को दीपका स्थित इंडस पब्लिक

**खास बातें**

- आईपीएस दीपका के विद्यार्थियों ने कीर्तन, भजन के माध्यम से चौधरी मित्रसेन को किया याद
- चौधरी मित्रसेन आर्य की स्मृति दिवस पर हुआ हवन पूजन

स्कूल में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः विद्यालय परिसर में वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां डाली गई। विद्यालय के संगीत शिक्षक के द्वारा कर्णप्रिय प्रातःकालीन भजन की सुमधुर स्वरों के मध्य इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य व स्टाफ के द्वारा स्व चौधरी मित्रसेन आर्य जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। महाराजा भतृहरि के इन महावाक्यों को चरितार्थ करता चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन सत्य, संयम और सेवा का अद्भुत मिश्रण रहा। उनके लिए स्वहित को छोड़ मानव हित ही सर्वोपरि रहा। एक गृहस्थ व व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। चौधरी जी के विचार थे हमें हर कार्य को करने से पहले यह सोच लेना चाहिए ⏭ शेष पेज 2 पर





पुण्यतिथि पर दीप प्रज्वलित करते अतिथि व कीर्तन भजन करते छात्र।

### चौधरी मित्रसेन के लिए मानव हित सदैव सर्वोपरी रहा

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सोमा सरकार ने कहा कि जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु एक प्रेरणास्रोत रहेगी। शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार ने कहा कि हमारे अच्छे कर्मों से ही लोग सदियों तक हमें याद करते हैं। मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब किसकी मृत्यु हो जाए कोई नहीं जान सकता। लोग हमें हमारे व्यवसाय धन दौलत या पद के कारण याद नहीं रखते लोग हमें हमारे व्यवहार एवं सद्कार्य के कारण याद रखते हैं। अतः हमें लंबे समय तक दिलों में राज करना है तो सत्कर्म के पथ पर हमेशा अग्रसर रहना चाहिए।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर विद्युत कंपनी ने आयोग को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी होगी या दरे यथावत रहेगी, इसका फैसला राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियो के प्रस्ताव के अध्ययन व जनसुनवाई के बाद

**खास बातें**

- प्रस्ताव का अध्ययन व जनसुनवाई के बाद लिया जाएगा फैसला
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बिजली की नई दरें तय करने के लिए प्रक्रिया हुई शुरु

लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बिजली की नई दरें तय करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तीनों प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। इन प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद आयोग उसका सार्वजनिक प्रकाशन करेगा।

राज्य विद्युत नियामक आयोग के सचिव एसपी शुक्ला ने बताया कि कंपनियों की तरफ से टैरिफ प्रस्ताव आयोग को प्राप्त हो गया है। नई धरों के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। वहीं दूसरी ओर छग राज्य विद्युत कंपनी के अधिकारियों के अनुसार टैरिफ प्रस्ताव में कंपनियों की आय-व्यय के साथ वित्तीय जरुरतों की जानकारी आयोग को भेज दी गई है। आयोग ने इस प्रस्ताव का जिस्ट मांगा है, जिसके आधार पर उसका सार्वजिनक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आमंत्रित की जाएगी इसके बाद प्रस्तावों पर जन सुनवाई होगी। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग नई दरें तय करेगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस वर्ष बिजली की दरों में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि चर्चा यह भी है कि बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होने तक चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा हो जाएगी। ऐसे में नई दरों का ऐलान चुनाव संपन्न होने के बाद ही होगा। ऐसी स्थिति में जरुरत पड़ने पर दरें आश्यकतानुसार बढ़ाई भी जा सकती है।




अब एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लॉस्टी की सुविधा अपने कोरबा में

30 एवं 31 जनवरी 2024 को छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. भरत अग्रवाल

DNB Med., DNB Cardio Consultant

Interventional Cardiologist

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

स्थान- एन.के.एच. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल मंगलम विहार, कोसाबाड़ी निहारिका रोड, कोरबा (छ.ग.)

दिनांक 30.01.2024, समय : दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक

दिनांक 31.01.2024, समय : सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक

कैथलैब सुविधा उपलब्ध

( समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध )

एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी एवं पेसमेकर

पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्कः-

9131456112 | 6232033210

CSEB, NTPC, SECL, ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त

एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

वी.आई.पी. इस्टेट, अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर छ.ग. फोन नं. 8839800123



DELHI PUBLIC SCHOOL

BILASPUR

Day-cum-Residential School

Congratulations



Arman Ubhrani - of class I "The Google Boy" for receiving the

PRADHAN MANTRI RASHTRIYA BAL PURASKAR 2024

ADMISSIONS OPEN 2024-25

Pre-Nursery to IX & XI

• Science • Commerce • Humanities

Air-Conditioned Classrooms & Hostel

QR Code for Online Registration

Applications are invited for the following posts

- PGT, TGT & PRT All Subjects
- Activity Faculties : Phy. Education, Dance, Music, Art
- Office Accountant & Assistants
- Admission counsellors
- Office Superintendent/Estate Manager

Send your resume to : principal@dpsbilaspur.edu.in

+91-7771011656 admissions@dpsbilaspur.edu.in www.dpsbilaspur.com

Delhi Public School Bilaspur, Raipur Road, Tifra Bilaspur (C.G.) 495001

28 korba- bhoomi pg2_Layout 1 1/28/2024 11:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन का किया गया लोकार्पण

**हरदीबाजार।** ग्राम सिरली गोड़पारा में विधायक मद से 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरपंच संघ सेवक राम मरावी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत कोरबा अध्यक्ष शिवकला कंवर, जनपद सदस्य चंद्रपाल पटेल, पूर्व युवा आयोग सदस्य व पूर्व सरपंच रघुराज सिंह उइके, उपसरपंच सुकालू राम पटेल, जनपद प्रतिनिधि उत्तम पटेल, सचिव राजनारायण धारी, गौरीशंकर, पप्पू, सोलंकी, सांई मन्नू राठौर,यदुराज राठौर,व्यास पटेल, छोटे लाल पटेल, नंदलाल पटेल, दुर्गेश मरावी सहित बड़ी संख्या में पंच व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महाविद्यालय के संस्थापक बोधराम कंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर रहे। छत्तीसगढ़ के राजगीत का सम्यक स्वर में गायन किया गया। डॉ.आईके कौशिक, डॉ.अनिल पांडेय, डॉ.केके दुबे, पन्नालाल सोन, कृष्णा यादव सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता कर रही संस्था की प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा ने स्वागत उद्बोधन तथा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। डॉ शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन में महाविद्यालय की उपलब्धियों को मंच पर रखा तथा महाविद्यालय के संबंध में विभिन्न मांगों को जनप्रतिनिधियों के बीच रखा। महाविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता यह है शीघ्र अति शीघ्र उसे नवीन भवन का निर्माण कर महाविद्यालय को स्थानांतरित करना है। इस अवसर पर हरीश थदवानी मंडल अध्यक्ष भाजपा, हीरालाल अहीर सदस्य जिला कार्यकारिणी पिछड़ा वर्ग, रघुराज सिंह उइके पूर्व सदस्य युवा आयोग, अजय दुबे संयोजक, मन्नु राठौर मंत्री हरदीबाजार मंडल, व्यास नारायण सनातन संघर्ष समिति, रमेश अहीर पूर्व सदस्य बीज निगम, डॉ विजय राठौर, यदुराज राठौर, दिलीप राठौर, आत्माराम पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक शिव दुबे तथा शुभम शेखर ने किया।

### मोहम्मद रफीक को बनाया गया विधायक प्रतिनिधि

**भैसमा।** रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया द्वारा विभिन्न विभागों में अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर दिया गया है।



इसी कड़ी में ग्राम भैसमा निवासी मोहम्मद रफीक मेमन को विधायक प्रतिनिधि के रूप में ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोहम्मद रफीक मेमन ऊर्जा विभाग की होने वाली समस्त बैठकों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित होंगे। विधायक ने अपने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक क्षेत्र वासियों के अधिकारों की रक्षा, गरीबों की सेवा हमारी पहली प्राथमिकता है। जन जन की सेवा करते जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है।

### गृहमंत्री से मिले आईटी कॉलेज के शिक्षक, सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिला एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। जिसमें शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की कमी को देखते हुये सत्र 2008 में शासन के जनभागीदारी योजना के तहत आईटी कोरबा सोसायटी का गठन किया गया। चूंकि कोरबा जिला एक संसदीय क्षेत्र भी है, इसलिये जिले में एक शासकीय तकनीकी महाविद्यालय होना आवश्यक है। आई.टी. कोरबा महाविद्यालय का स्वयं का बिल्डिंग है, सभी आवश्यक संसाधनें हैं। मात्र शासकीय घोषणा की आवश्यक्ता है। साथ ही केंद्र सरकार के योजना के अनुरुप सीआईटी में परिवर्तित कर दिये जाने पर कोरबा जिले का विकास में बढ़ोत्तरी स्वाभाविक है।

## निधन

### श्रीमती शांति देवी अग्रवाल

**कटघोरा।** अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष



पवन कुमार अग्रवाल (फत्तेचन्द, रमेशचंद, रामकृष्ण, केदारनाथ, रामगोपाल) की माता श्रीमती शांति देवी अग्रवाल 92 वर्ष का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## 67वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# खेल भावना से मिलती है सफलता, पढ़ाई के साथ खेल में करें नाम रोशन : लखनलाल



कार्यक्रम का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व मार्चपास्ट करते छात्र-छात्राएं।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारिरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल की जा सकती है। स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद में शामिल होकर और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अपना नाम रोशन किया जा सकता है। खेल को खेल भावना से खेलने और हारने पर निराश न होते हुए आगे बढ़ने और परिश्रम कर पुनः अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करनी चाहिए।

**खास बात**

- एक फरवरी तक सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में बेसबाल खेल का होगा आयोजन

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कही। रविवार को उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने पांच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ द्वीप जलाकर और ध्वाजारोहण पश्चात औपचारिक घोषणा कर किया गया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिले में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना बहुत ही गौरव की बात है। यह एक ऐसा माध्यम है जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को समान लाने के साथ ही आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों के संस्कृति और भाषा-बोलियों को सीखने समझने का भी मौका मिलता है। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि छात्र जीवन में खेल और पढ़ाई का विशेष महत्व होता है। प्रतियोगिता में 12 राज्यों और दो इकाइयों के बेसबॉल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान जिले की अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी नेहा जायसवाल को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

**जम्मू-कश्मीर से तमिलनाडु के खिलाड़ी शामिल**

प्रतियोगिता में बेसबॉल बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, चंडीगढ़, तमिलनाडु, तेलांगना, केरला सहित विद्याभारती और सीबीएसई और मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही है।

# ताइक्वांडो के प्रतिभागियों को उद्योग मंत्री ने बांटे ट्रैकशूट



ट्रैक सूट के साथ खिलाड़ी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ को इस बार की राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। आगामी दिनों में यह 37वीं सबजूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप सरदार बलबीर जुनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा रायपुर में 1 से 4 फ़रवरी तक आयोजित होगी। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में प्रदेश के 38 स्टेट चैंपियन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा के राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खेलने वाले खिलाड़ियों को खेल युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा प्रदत्त ट्रैकशूट को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने वितरण किया। उन्होंने सब जूनियर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए विजयी भवः का आशीर्वाद दिया।

बता दें कि 1 से 4 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में भाग लेने खिलाड़ियों को 18 जनवरी से विशेष प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ व खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर कोरबा के एचटीपीपी पश्चिम कॉलोनी स्थित जूनियर क्लब में आयोजित की जा रही थी। ताइक्वांडो के माहिर व अनुभवी कोच लोकेश राठौर और लीला यादव इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे थे। स्टेट चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने वाले विजयी खिलाड़ी ही इस शिविर में भाग लेकर खेल के दांव-पेंच व बारीकियों में अपनी प्रतिभा निखारने कठिन अभ्यास कराया गया है। जो रायपुर में ही आयोजित होने जा रही इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी व छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के जनरल सेक्रेटरी अनिल द्विवेदी ने बताया कि क्योरगी में 28 व पूमसे के 10 बच्चों समेत ताइक्वांडो के कुल 38 स्टेट चैंपियन इस शिविर में भाग ले रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रीय पदक जीतने तैयार किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने पश्चात आज का खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रदत्त ट्रैकशूट को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने वितरण किया और नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप विजय होने का आशीर्वाद दिया। ट्रैकशूट वितरण कार्यक्रम में छत्तीसगड ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी, भाजपा नेता अमित नवरंग लाल, प्रेस क्लब कोरबा के पूर्व सचिव मनोज ठाकुर उपस्थित थे।

# अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव ने ली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** सदस्य सचिव अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ सत्यनारायण दो दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे। संभागायुक्त द्वारा अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा विभागीय अधिकारियो से की। समीक्षा के दौरान अपूर्ण कार्यों को शत-प्रतिशत शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा को निर्देश दिए। 28 जनवरी को विकासखण्ड करतला के ग्राम पंचायत कोथारी में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से वर्ष 2019-20 में निर्मित मंगल भवन, वर्ष 2020-



21 में निर्मित मुख्य सड़क से रेल्वे फाटक तक सीसी सड़क निर्माण, वर्ष 2021-22 में निर्मित छतदार मंच निर्माण, बिन्देश्वर लहरे के घर से नारायण भारद्वाज के घर तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत पचपेड़ी में निर्मित मंगल भवन, उमेद के घर से बंशी बाड़ी तक सीसी सड़क निर्माण आदि कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीकांत कसेर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, एमएस नागेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला, नरेंद्र सरकार अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा करतला, संतोष कुमार नायर उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा करतला राकेश कुमार पैकरा सहायक ग्रेड-02 एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कोरबा आदि उपस्थित थे।

# भागवत सुनने से होती है मनुष्य को औलोकिक सुखों की प्राप्तिः सुयश



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक शिव पुराण, श्रीराम कथा एवं श्रीमद भागवत कथा के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे जी के सुपुत्र बाल व्यास पंडित सुयश दुबे की श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा कोरबा निहारिका एमपी नगर दशहरा मैदान में रविवार से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई। जिसमें व्यासपीठ से सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक शिव पुराण, श्रीराम कथा एवं श्रीमद भागवत कथा के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे के सुपुत्र बाल व्यास पंडित सुयश दुबे अपनी संगीतमयी सुमधुर वाणी से श्रोताओं को कथा का रसपान करा कर जीवन में श्रीमद भागवत के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बता रहे हैं।

कथा के प्रथम दिवस श्रीमद भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए व्यासपीठ से पंडित सुयश दुबे ने कहा कि भागवत कथा करने अथवा सुनने से न केवल मनुष्य को औलोकिक सुखों की प्राप्ति होती है बल्कि हर प्रकार के कष्ट दूर हो जाते है। 28 जनवरी से कोरबा निहारिका एमपी नगर दशहरा मैदान में प्रतिदिन मध्यान्ह 3 बजे से चलने वाली श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा को 4 फरवरी को सहस्त्रधारा, गीता, हवन एवं भोग भंडारे के साथ विश्राम दिया जाएगा। एमपी नगर महिला मंडल एवं सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के कोरबा जिला शाखा प्रभारी डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने में सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के कोरबा जिला शाखा प्रभारी डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा के अलावा पुरोहित द्वय नागेश्वर पूरी गोस्वामी एवं आशुतोष पूरी गोस्वामी, श्रीमती नीता शर्मा, श्रीमती प्रतिभा शर्मा, राजकुमार साहू, डॉ. दिनेश वैष्णव, जयप्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दुर्गेश राठौर, प्रफुल्ल साहू, चंद्रकांत देशमुख, हर्ष नारायण शर्मा, श्रीमती निशा पांडे, श्रीमती बसंती वस्त्रकार, डॉ.रोहित पटेल, श्रीमती रेवती पटेल, श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती रेणु पुजारी आदि उपस्थित थे।

**लंका विजय की कथा सुनाई**



श्री कपिलेश्वर महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ला नगर के द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के आयोजन में, 6वें दिन की कथा में कथा प्रसंग में व्यास पीठ से बाल व्यास विवेक महाराज चित्रकूट धाम के श्रीमुख से राम बनवास हनुमत चरित्र लंका विजय की वर्णन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन व पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला सपत्नी कथा में शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह प्रदेश आईटी सेल भाजपा लकी नंद, महापौर राजकिशोर प्रसाद, रूपा मिश्रा, कृष्णा राठौर के बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित होकर रामकथा के धर्म लाभ लिए।

# भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में होंगे जनेऊ संस्कार व सामूहिक विवाह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक पंडित देवशरण दुबे के गुरुदेव गोमती गिरी के 12वें बैकुंठ उत्सव के पावन उपलक्ष्य पर सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति की ओर से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह, सामूहिक विवाह एवं उपनयन (जनेऊ) संस्कार के कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी से 4 फरवरी तक एमपी नगर दशहरा मैदान मे आयोजित है।

**खास बात**

- सर्वधर्म कल्याण सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है आयोजन



पत्रकारों को जानकारी देते समिति के पदाधिकारी।

व्यासपीठ से सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक शिव पुराण, श्रीराम कथा एवं श्रीमद भागवत कथा के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे के सुपुत्र बाल व्यास पंडित सुयश दुबे अपनी संगीतमयी मधुर वाणी से श्रीमद भागवत कथा का रसपान करा कर जीवन में श्रीमद भागवत के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बतायेंगे। उक्त बातें प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पंडित देवशरण दुबे ने कही। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को शुभ मुहूर्त में उपनयन (जनेऊ) संस्कार एवं सामूहिक विवाह समारोह का कार्यक्रम भी सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति की ओर से निशुल्क कराया जायेगा। 4 फरवरी को गीता, हवन, सहस्त्र धारा एवं भोग भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के कोरबा जिला शाखा प्रभारी डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष विमल जोशी, वरिष्ठ सदस्य नाड़ी वैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक कैलाश शर्मा, अध्यक्ष अरुण शर्मा, सदस्य अरविंद शर्मा, प्रांजल पांडे, निशा पांडे, बसंती वस्त्रकार एवं एमपी नगर महिला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा से मिलता है धर्म संस्कृति की ज्ञान : रजनीश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

ग्राम दादर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा नेता रजनीश देवांगन पहुंचकर पूजा अर्चना किए। उन्होंने कहा कि श्रीरामचंद्र की भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ जय श्रीराम की जयकारा की गुंज उठी। वहीं ग्राम दादर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के साथ जय श्री कृष्ण की जयकारा गूंज रही है। सोनी परिवार सहित समस्त श्रोतागण एवं श्रद्धालुओं को भागवत कथा के बारे में विस्तार से बताया कि श्रीमद् भागवत कथा से धर्म संस्कृति की ज्ञान मिलती है। आज आधुनिक



जमाना है बच्चों को खूब पढ़ाना लिखाना चाहिए जिससे वो हमारे सनातन संस्कृति और धर्म संस्कृति की ज्ञान हासिल कर सकें। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी की प्रेम भक्ति और मित्रता से हमें बहुत कुछ सीख मिलती है जिसे अपने मानव जीवन में हम सभी उतारने के लिए आतुर हैं निश्चित तौर पर श्री कृष्ण जी की बाल लीला अद्वितिय है। इस दौरान भरत सोनी परिवार द्वारा कंकालीन मंदिर में पूजा पंडाल मंच का रजनीश देवांगन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण वैष्णव पंडित कृष्ण कुमार द्विवेदी यासीन सहित समस्त ग्रामवासी एवं भक्तों के साथ श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अध्यात्मिक समागम में हुई गीता पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा अध्यात्मिक समागम सहभागीता पाठ का आयोजन अजीत शरण सिंह जूगनु बाबा के निवास पर किया गया। इस दौरान पं.गौरीशंकर दुबे ने कहा कि सनातन संस्कृति की मर्यादाएं बहुआयामी सोच को दर्शाती है। इसमें बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को ध्यान रखा गया है। अजीत शरण सिंह ने कहा कि मालवीय जी का जीवन दर्शन अनुकरणीय है। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अंत समय तक गीता को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया। जिसका अनुकरण मिशन के सदस्य कर रहे हैं। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि जिस घर में गीता का नियमित पाठ होता हो वहां की बाधाएं अपने आप दूर हो जाती है।

# एसईसीएल हम-21 दिन अभियान की हो रही शुरुआत

**कोरबा।** एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में हम-21 दिन (हरित माइनिंग -21 दिन) अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसे लेकर इम्मा बिलासपुर चौप्टर के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इस अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि एसईसीएल कर्मी अपने कार्यस्थल पर पर्यावरण हितैषी उत्पादन बढ़ाने वाले कार्य का स्वयं चयन कर उसका 21 दिन अर्थात 11 फरवरी तक अभ्यास करेंगे ताकि वह आदतों में शुमार हो जाए। इसका सकारात्मक असर 12 फरवरी को कम्पनी में शुरू हो रहे उत्पादन उत्पादकता दिवस पर पड़ेगा तथा इससे वित्तीय वर्ष के बचे दिनों में उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति में आसानी होगी। कार्यशाला में चैप्टर के आजीवन संरक्षक सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा अपने निदेशक मंडल तथा सीवीओ के साथ उपस्थित रहे। आयोजन में सभी निदेशक गण तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस मुहिम की तारीफ के साथ सफलता हेतु सार्थक निर्देश दिए। सीएमडी एसईसीएल डॉक्टर प्रेम सागर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बदलाव के लिए कुछ जरूरी चीजों में से प्रमुख है एक सक्रिय, समर्पित टीम और एक उद्वेलक जो सभी को समय-समय पर जागृत करे। उन्होंने इस अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा इस अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाओं के साथ सभी को कड़े मेहनत के लिए प्रेरित किया। सभा का संचालन बिलासपुर चैप्टर के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दुनिया में कुछ...

कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रुप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उस कार्य को कदापि नहीं करना चाहिए। अनेक सामाजिक और शिक्षण संस्थाओं में चौधरी मित्रसेन जी का सहयोग अहम रहा। उनका जीवन सादा और उच्च विचारों से परिपूर्ण था। यही वजह है कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी को सरकार द्वारा वर्ष 2002 में कृषि विषारद की उपाधि से भी अलंकृत किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सतकर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं। जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्र सेन ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। ऐसे व्यक्तित्व की कमी समाज में हमेशा बनी रहती है। हमें ऐसे व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। हमें हर कार्य को करने से पहले यह जाँच लेनी चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा क्योंकि हमारा कोई भी कार्य स्वार्थ के लिए नहीं परमार्थ के लिए होना चाहिए। आज चौधरी श्री मित्रसेन जी हमारे मध्य नहीं है लेकिन उनके आदर्श जिंदा रहेंगें।

## कोरबा मार्केट




## शपथ पत्र

मैं शमशाद बेगम ऊर्फ सम्मो बाई अंसारी, उम्र लगभग 56 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी प्रेमनगर रामपुर, थाना व तहसील करतला तहसील व जिला कोरबा छ.ग. की होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थाई रुप से निवास करती हूं तथा मेरा आधार कार्ड क्रमांक 3159 0337 7756 है।
2. यह कि, मैं इस्लाम खान की विवाहित वैध पत्नी हूं तथा मेरे पति इस्लाम खान के द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम C.B.O.Z. बिलासपुर (2) 38 H में पॉलिसी संख्या 384328060 दर्ज है।
3. यह कि, मेरे पति के उपरोक्त पॉलिसी में मेरा पति का नाम इस्लाम खान अंसारी दर्ज हुआ है जो कि अंसारी हमारे गोत्र का नाम है तथा इस्लाम खान व इस्लाम खान अंसारी दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात दोनों ही नाम मेरे पति के हैं।
4. यह कि उपरोक्त पॉलिसी में मेरा नाम श्रीमती सम्मोबाई अंसारी दर्ज हो गया है जो कि मेरा बचपन का नाम है तथा घर पर मुझे सम्मो बाई अंसारी के नाम से जाना, पहचाना तथा पुकारा जाता है जबकि मेरा वास्तविक नाम शमशाद बेगम है तथा अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम शमशाद बेगम दर्ज है।
5. यह कि श्रीमती सम्मोबाई अंसारी एवं शमशाद बेगम दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है।
6. यह क, मेरे पति की मृत्यु दिनांक 29-05-2023 को गृहग्राम रामपुर में हो गई है।
7. यह कि उक्त शपथ पत्र का निष्पादन उक्ताशय के संबंध में किया गया है, जिसे भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय बिलासपुर एवं तहसील कार्यालय करतला के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
शमशाद बेगम

## खबर संक्षेप



### अंधरीकछार स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधरीकछार में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस बीच विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही पूजा अर्चना की गई। राष्ट्रध्वज को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी मनीराम जांगड़े एवं पूर्व पार्षद मुकेश राठौर सहित विद्यालय के प्रधान पाठक रामकपूर कुर्रे के द्वारा फहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

### पथर्रीपारा में मना गणतंत्र दिवस



इंदिरा चौक पथरीपारा वॉर्ड न वार्ड नंबर 17 के सामुदायिक भवन में गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड के वरिष्ठजनों द्वारा पुष्प अर्पित कर ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश कुमार राठौर, समाज सेवी मनीराम जागड़े, सालिक दास वैष्णव, मैनेजर दास महंत, शशि पटेल, समीर खुटे, दिलहरण राठौर, दीनदयाल राठौर, आरडी नायक, योगेश साहू, ईश्वरी प्रसाद श्रीवास, रामबगस पटेल, रामकुमार यादव साहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पूर्वांचल सर्व समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस



ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कोरबा पूर्वांचल सर्व समाज के भवन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद भवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाज के सदस्यों ने मिलकर गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि ने झंडा फहराया और अपने उद्बोधन में सभी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सबको साथ लेकर आगे बढ़ाना है और देश के विकास में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर ठाकुर अवधेश सिंह, शकीरा ठाकुर, आरके सिंह, संजय सिंह, डॉ.संदीप सिंह, मंटू सिंह, विजय सिंह, गिरि महाराज, सीके गुप्ता, नितेश, राजेंद्र सिंह सहित कोरबा पूर्वांचल स्वर्ण समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### केवी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -4 में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि चिराग गर्ग सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ दर्री यूनिट का स्वागत किया गया। विद्यालय में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि के हाथों संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय की प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा किया। प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में बाल वाटिका, कक्षा पहली व दूसरी, तीसरी से 5वीं तथा कक्षा 6वीं से 8वीं के छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य, भाषण, कविता व समूह गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने अपने नन्हें-नन्हें कदमों से अपनी सुमधुर स्वर से देश भक्ति व राष्ट्र प्रेम को प्रदर्शित किया। नृत्य नाटिका, झाँसी की रानी के प्रर्दशन ने सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एस्तर कुमार, वीके वर्मा ने किया।

### एसईसीएल कोरबा में मना गणतंत्र दिवस



एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय कोरबा में श्री दीपक पंड्या क्षेत्रीय महाप्रबंधक के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में सभी को प्रयास के लिए अपना योगदान के साथ देश की प्रगति में कोयला उद्योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी को कोयला क्षेत्र के जुड़े हितधारकों के साथ संवेदनशीलता के साथ संवादशील बने रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक डॉ प्रेमसागर मिश्रा के संदेश के अनुरूप कोरबा क्षेत्र को अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करना है एवं प्रत्येक क्षेत्र में निरन्तर प्रगति बनाये रखना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय जेसीसी, कल्याण, सुरक्षा सदस्य एवं सिस्टा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल में मनायी गई गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह ध्वजारोहण, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



ध्वजारोहण करते अतिथिगण व छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंचल में जगह-जगह गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शासकीय कार्यालयो, शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शहर के उप नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के पंचायत भवन एवं अन्य संस्थाओं के दफ्तरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए झंडे को सलामी दी गई।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी की अध्यक्षता व दिशा निर्देशन में कराया गया। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गान गाया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं कर्मचारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानियों को याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण में छात्र एवं छात्राओं द्वारा परेड व झंडे की सलामी दी गई। परेड का निरीक्षण विद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थीओं को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों, खेलों में भाग लिया व विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने बच्चों, शिक्षकों एवं उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी व सभी को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा चौथी की मुस्कान तम्बोली, कक्षा पांचवी के गीतांश ओझा ने इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती सोनम सिंह द्वारा हिंदी भाषा में व अध्यापिका मुस्कान साहू ने अंग्रेजी भाषा में देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण व अध्यापिका बबली यादव द्वारा देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण गीत व छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत की प्रस्तुति दी गई एवं विद्यालय के कक्षा एल. के.जी से कक्षा दूसरी के नन्हे- मुन्हें बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इन नन्हे - मुन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कक्षा पहली के नन्हे - मुन्हें विद्यार्थीओं ने देश भक्ति गीत व कक्षा दूसरी की छात्रा अभिनजीता प्रधान ने इस गणतंत्र दिवस पर सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी से कक्षा सातवीं व कक्षा ग्यारवीं के छात्र - छात्राओं द्वारा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

### हसदेव ताप विद्युत गृह में मना गणतंत्र दिवस समारोह



हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में मुख्य अभियंता संजय शर्मा एवं श्रीमती निहारिका शर्मा, अध्यक्ष संकल्प महिला मंडल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके उपरांत आकर्षक परेड का आयोजन हुआ। मुख्य अभियंता संजय शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन कर देश की तरक्की में अपना योगदान दें। साथ ही उन्होंने सभी पुरस्कृत सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का जिक्र करते हुए विगत वर्ष में हसदेव ताप विद्युत गृह की प्रमुख उपलब्धियों एवं उत्पादन कीर्तिमानों का सविस्तार विवरण मुख्य अभियंता द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर अति मुख्य अभियंता हेमंत सिंह, एमके गुप्ता, पी भास्कर राव, सुधीर पंड्या, आरके पांडे, एके कुरनाल एवं संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निहारिका शर्मा, सभी उपाध्यक्षाएं एवं कमेटी मेंबर्स सहित बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारियों कर्मचारियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों तथा परिवारजन उपस्थित रहे। जिसके उपरांत स्व.लेफ्टिनेंट अमोघ बापट के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कॉलोनी परिसर की मुख्य चौक का नामकरण लेफ्टिनेंट अमोघ बापट चौक करने की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया मिश्रा द्वारा किया गया।

### केएन कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस




कमला नेहरू महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान में निर्धारित नियम हमारे जीवन, देश व समाज की दशा-दिशा और राह निश्चित करते हैं। चाहे वह समाज के द्वारा बताए गए संविधान हों, कानून के द्वारा बताए गए संविधान हों या स्व परिमार्जित होकर निर्मित स्वयं के जीवन के लिए, स्वयं की कर्तव्य पारायणता के लिए परिमार्जित संविधान हों, उनका पालन सुनिश्चित कर अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन ही हमें एक जिम्मेदार व जागरुक नागरिक की पहचान देता है। बगैर संविधान के नियमों के जीवन और कार्यक्षेत्र ही नहीं, सबकुछ अस्तित्वहीन माना जाता है। विद्यार्थियों ने संगीत की मधुर धुन में सुमधुर प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने भी आशीर्वचन प्रदान करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित और प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष लोकेश्वर सिंह तोमर, समिति के सहसचिव उमेश लाम्बा, कॉलेज के सभी विभागप्रमुख, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### तुमान में मना 75वां गणतंत्र




केपी पब्लिक इंग्लिश स्कूल तुमान में दमाऊधारा के राम जानकी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने झंडा फहराया। बच्चों के स्पीच एवं राष्ट्रगान को तारीफ करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया यह संस्था ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए यहां के बच्चे इतने अच्छे से इंग्लिश में स्पीच दे रहे हैं इसका मतलब यहां पढ़ाई अच्छी होती है। इसमें कोई दो मत नहीं है। पढ़ाई के बारे में सुना था पर आज कार्यक्रम में देख भी लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राम नरेश जायसवाल, डायरेक्टर कीर्ति प्रकाश जायसवाल, सेक्रेटरी किशन साव, सदस्य बलराम दास वैष्णव, श्रीमती माधुरी जायसवाल, रमजान खान, हेमा जायसवाल, जीवन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि हायर सेकेंडरी स्कूल तुमान के प्राचार्य पी पटेल, सुरेंद्र जायसवाल, श्यामलाल पटवा, अनूप चंद्रा, शिव शरण गिरी गोस्वामी, संजू वैष्णव, सोम श्रीवास, श्रीमती राशि वैष्णव ने उपस्थित होकर मंच की शोभा बढ़ाया। प्राचार्य एसएस तोमर ने गणतंत्र दिवस पर अपने उद्बोधन एवं बच्चों से कहा कि भगवान श्रीराम चंद्र के आचरण का अनुसरण करें।

### अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में मना गणतंत्र दिवस



श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया रहे। महाविद्यालय के प्रागंण में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल मुख्य अतिथि श्रीकांत बुधिया ने ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीकांत बुधिया ने अपने उदबोधन में कहा कि हम 26 जनवरी का पर्व हम मनाते है, क्योंकि आज ही के दिन हमारा संविधान लागू किया गया था। इस दिन को हम हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षक समिति स्कूल के अध्यक्ष जयराम बंसल ने कहा गणतंत्र दिवस के दिन हमारे लिए बहुत अधिक महात्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजेन्द्र अग्रवाल, भगवान दास अग्रवाल छेदीलाल अग्रवाल श्याम सुन्दर अग्रवाल, हरस्वरूप अग्रवाल, अशीष अग्रवाल मनोज झा सोमा सोनी शिक्षक शिक्षकाऐं भारी संख्या में छात्र एवं छात्राऐं उपस्थित थे ।

### हाईस्कूल रेंकी में हुआ ध्वजारोहण



शासकीय हाईस्कूल रेंकी में विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि व युवा मोर्चा अध्यक्ष हरदीबाजार कृष्णा पटेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों को व भारत माता की जय बोलकर मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य शैलेन्द्र खलखों, शंकर पटेल, भगत यादव, हरेलू पटेल, राजकुमार पटेल, अरविंद, धर्म सिंह, रामकृष्ण पटेल, गणराज पटेल, सुभद्रा रानी राठौर, किशोर कुमार दिव्य सहित अन्य ग्रामवासी व शिक्षक उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में किया गया ध्वजारोहण



आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रांगण में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि व्यास राठौर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वजारोहण कर शहिदों को नमन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती उमा रमा निडी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदनलाल राठौर, जनपद सदस्य अनिल टंडन, भुनेश्वर राठौर, यदुराज राठौर, पप्पू राठौर, बंटी राठौर, रमेश अहिर, बाबूराम राठौर सहित शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस



राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा प्रताप भवन स्थित बुधवारी बायपास रोड में गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज के संरक्षक ठाकुर आरके सिंह, शशि सिंह, अवधेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। अपने उद्बोधन में ठाकुर अवधेश सिंह ने समाज के लोगों को संगठित होकर देश के विकास में सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज के अन्य सदस्य स्मिथ सिंह, मंटू सिंह, बच्चू सिंह, छन्नू सिंह, संजय सिंह, राजेंद्र सिंह, रघुराज सिंह, मुकेश सिंह, राज सिंह, दीपक सिंह, कन्हैया सिंह, रजनीकांत सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, अभय सिंह सहित समाज सदस्य उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब बालको ने मनाया गणतंत्र दिवस



लायंस क्लब बालको ने लायंस भवन मोतीसागरपारा व लायन भवन बालको में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। समारोह में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन कैलाश नाथ गुप्ता एवं लायन साथियों के साथ ध्वजारोहण किया। साथ ही भारत माता का पूजा अर्चना कर सभी लायन साथियों ने एक दूसरे को प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर लायंस क्लब बालकों के वरिष्ठ पद्दाधिकारी लायन जीपी केडिया, रीजन चेयरपर्सन लायन पवन शर्मा, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 लायन विजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन कैलाश अग्रवाल, लायन आभा दुबे, लायन सोनल शाह, लायन नीतू गुप्ता, लायन सपना केडिया, लायन विपिन सिंह, लायन राजेश ठाकु,र लायन सुशील मिश्रा, लायन डीके कुदेसिया, लायन सुभाष चंद्र गिरधर, लायन राजेश त्रिपाठी, लायन रितेश केडिया, लायन गणेश अग्रवाल लायन, वीपी केसरवानी, लायन डॉ.एलके साहू, लायन शंकर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### केसीसी में मना गणतंत्र दिवस



कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ 75वां गणतंत्र दिवस महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, कोरबा शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्रीमती संगीता रावत के विशिष्ट आतिथ्य तथा शिक्षकों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में पीजीडीसीए की छात्राएँ पार्वती, यशोदा, अंजली, सुनिधि एवं सुष्मिता द्वारा युगल देशभक्ति गीत की प्रस्तुति तथा बीबीए प्रथम के छात्र हिमांशु द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर पीपीटी प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। साथ ही बीबीए प्रथम के अमन द्वारा बहुत ही ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया गया तथा बीसीए अंतिम की छात्रा शिवांगी द्वारा वीर रस से ओतप्रोत कविता का पाठन किया गया, बीसीए द्वितीय के शारदा के एकल नृत्य से माहौल भक्तिमय हो गया। केसीसी के निर्देशक राजेश अग्रवाल जी ने 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर अपने उद्बोधन पर कहा कि हमें खुद को राष्ट्र के लिये समर्पित करने और देश की प्रगति, समृद्धि के लिए मिलकर काम करने के लिये प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्होने छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिये महाविद्यालय द्वारा उठाये गये कदमों को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण रीना लहरे, लता साव, कपीश कबीर, बालीदास महंत, सुरभि कुण्डू, राजू कुमार सिंह, चुन्नेलाल चुनेश्वर, श्रद्धा खुंटे एवं छात्रों का विषेश योगदान रहा, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### ग्राम पंचायत चैतमा में फहराया गया तिरंगा



ग्राम पंचायत चैतमा एवं ग्रामीण अंचल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत चैतमा के मंगल भवन खेल मैदान में भव्य रूप से 75वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया गया। मंगल भवन मे आयोजित गणतंत्र दिवस का शुभारंभ ग्राम पंचायत चैतमा के सरपंच के द्वारा किया गया। सरपंच के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। चैतमा एवं क्षेत्र के सभी शासकीय संस्थानों मे इस अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम मे 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए हाईस्कूल के प्रचार्य एचएल निराला को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिनके अपने हुए बेगाने ऐसे वृद्धजनों से कराया पुलिस चौकी में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस हो या फिर स्वतंत्रता दिवस हर कोई स्वयं या विशेष अतिथि बुलाकर ध्वजारोहण करना चाहता है लेकिन शहरी क्षेत्र के एक चौकी प्रभारी ने इस परंपरा को तोड़ते हुए ऐसा काम कर दिया कि अब हर कोई उनकी सराहना कर रहा है।

दरअसल शहर के सर्वमंगला चौकी के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने पुलिस चौकी में न ध्वजारोहण खुद किया और न ही विशेष अतिथि को बुलाया बल्कि जिनके अपने ही उनके लिए बेगाने हो गए वृद्धा आश्रम में रहने वाले ऐसे वृद्धजनों को ससम्मान आमंत्रित किया। वृद्धजन ध्वजारोहण करते हुए इतने खुश हुए कि उनके आंसू छलक उठे, उन्होंने सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी को आशीर्वाद दिया। चौकी प्रभारी श्री तिवारी ने वृद्धजनों का सम्मान किया। बाद में उनका हाल-चाल जानकर उन्हें स्वल्पाहार उपलब्ध कराया। साथ ही ठंड से बचने के लिए सभी को गर्म कपड़े उपलब्ध कराया गया। सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के दिशा निर्देशन में जिले में सख्त पुलिसिंग के साथ ही सोशल पुलिसिंग भी की जा रही है। जिसके तहत ही उन्होंने वृद्ध आश्रम में अपनों से दूर और एकांकी जीवन व्यतीत कर रहे वृद्धजनों का सम्मान किया।



### बाल विहार स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

कोरबा। बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कुमार अग्रवाल अध्यक्ष परमेश्वरी नारायण शिक्षण संस्थान थे, जिन्होंने ध्वजारोहण किया गया। विशिष्ट अतिथि एसके कुदेसिया संरक्षक, एमडी बैरागी संस्थापक सदस्य, इंद्रराज सिंह भाटिया कोषाध्यक्ष, प्राचार्य केएम बिनिल कुमार, उप-प्राचार्या श्रीमती रेखा पटेल, एरशाद आलम एवं समस्त शिक्षक सहित विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य केएम बिनिल कुमार के द्वारा आभार जताया।



## खबर संक्षेप



### कटघोरा तहसीलदार भूषण मंडावी हुए सम्मानित

**कटघोरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी और मतदाताओं को विशेष पहल कर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले जिलों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कोरबा जिले के कटघोरा तहसीलदार भूषण मंडावी को विधानसभा चुनाव मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति टीपी शर्मा प्रमुख लोकायुक्त,छत्तीसगढ़ लोक आयोग द्वारा सम्मानित किया गया। बतादें की प्रदेश के 90 विधानसभा में उत्कृष्ट कार्य तथा मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करने वाले 3 अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कोरबा जिले में कटघोरा तहसीलदार भूषण मंडावी को यह सम्मान मिलने से कोरबा व कटघोरा में हर्ष व्यापत है। तहसीलदार भूषण मंडावी को जिला कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत, जिला पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र शुक्ला व अनुविभागीय अधिकारों ऋचा सिंह ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** दो लोगों के बीच आपसी विवाद हुआ, जिसके बाद एक ने दूसरे पर ब्लेड से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल के चेहरे व गले पर ब्लेड से कई जख्म हो गए। इस दौरान लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागर पारा गुरूघासीदास चौक निवासी कन्हैया रात्रे मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार आनंदम अपार्टमेंट के पास चारपहिया वाहन छोटा हाथी का मिस्त्री का कार्य करता है। 27 जनवरी की दोपहर कन्हैया खाना खाने गया था खाना खाकर वापस लगभग 4.30 बजे के आसपास अपने दुकान आया तो देखा कि वहां पर संजय सोनवानी गाली गलौच कर रहा था। जिसे मना करने पर उसके द्वारा कन्हैया से गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया एवं पाकेट से ब्लेड निकाल कर कन्हैया को मारा जिससे कन्हैया के चेहरे में चोट लगी है। कन्हैया की रिपोर्ट पर पुलिस ने संजय सोनवानी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### अपहृत बालक को बिलासपुर से किया सकुशल बरामद

**कोरबा।** नवापारा थाना बलौदा जिला जांजगीर निवासी पुनऊराम ओगरे उम्र 60 वर्ष पिता गणेश राम ओगरे ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इसका 11 वर्षीय नाती 26 जनवरी की सुबह बस स्टैण्ड हरदीबाजार से ग्राम भिलाईबाजार जाने के लिए निकला था जो भिलाईबाजार नहीं पहुंचा है। पुनऊराम को शंका था कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फूसलाकर अपने साथ ले गया है। पुनउराम की रिपोर्ट पर थाना हरदीबाजार में धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी कर जुट गई थी। हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाकर पतासाजी की जा रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि नाबालिक बिलासपुर में देखा गया। सूचना पर पुलिस की टीम बिलासपुर रवाना होकर 11 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर लिया है।

### नदी तट किनारे खड़ी हो रही दीवार

# अब हसदेव नदी तट से गुजरेंगे भारी वाहन, बन रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इमलीछापर से तरदा तक बन रही 21 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण पर है। भारी वाहन अब सर्वमंगला मंदिर के नीचे हसदेव नदी तट के किनारे बनाई जा रही सड़क से गुजरेंगे। सड़क की सुरक्षा को लेकर 200 मीटर से अधिक लंबी दीवार का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके शीघ्र ही पूरे होने की जानकारी सामने आई है।





सर्वमंगला हसदेव नदी के तट पर निर्माणाधीन सड़क।

**खास बात**

- इमलीछापर तरदा तक बन रही 21 किलोमीटर सड़क

भारी वाहनों के लिए एक नए मार्ग का निर्माण सर्वमंगला मंदिर के नीचे से किया जा रहा है, जो सर्वमंगला चौक से नीचे चिल्ड्रेन गार्ड होते हुए हसदेव नदी के किनारे होकर सीधे मुख्य मार्ग में जुड़ेगी। लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क हसदेव नदी के तट से गुजरेगी। सड़क के कटाव को रोकने के लिए एक लंबी दीवार का निर्माण किया जा रहा है। दीवार के एक हिस्से का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दूसरे हिस्से का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसके फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है। उक्त दीवार चिल्ड्रेन गार्डन तक जाएगी, जहां से सड़क सीधे सर्वमंगला चौक के मुख्य मार्ग में जुड़ेगी। सर्वमंगला चौक से लेकर मुख्य मार्ग लगभग 2 किलोमीटर पड़ेगा। उक्त सड़क के निर्माण होने से तरदा की ओर से आने वाले भारी वाहन नदी के किनारे से गुजरेंगे। इससे सर्वमंगला रेलवे क्रासिंग और मंदिर के ऊपरी हिस्से की सड़क से भारी वाहनों का गुजरना बंद हो जाएगी। वहीं आम श्रद्धालुओं को भी भारी वाहनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। चिल्ड्रेन गार्डन की दीवार सड़क निर्माण के चौड़ीकरण की वजह से हटाई जा सकती है।

**180 करोड़ की लागत से बन रही है सड़क**

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बरमपुर में कार्य चल रहा है आने वाले बरसात के पूर्व वह कार्य भी पूरा हो जाएगा। हरदीबाजार से तरद और तरदा से इमलीछापर तक कुल 21 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उक्त सड़क के बन जाने से भारी वाहनों को एक अलग मार्ग की सुविधा मिल जाएगी। वहीं कुछ हद तक कुसमुंडा की ओर आने वाले भारी वाहनों का दबाव राताखार मुख्य मार्ग में कम हो जाएगा। सड़क निर्माण को लेकर तेजी से कार्य चल रहा है। उक्त सड़क शहर के लिए एक सुविधाजन सड़क होगी। वहीं मंदिर आने जाने वाले आम लोगों को भी एक बड़ी सुविधा मिल सकेगी।

# अधिवक्ता नियुक्ति एवं विधिक सहायता की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायमूर्ति श्री संजीव खन्ना न्यायाधीश भारत के सर्वोच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुमोदन से अखिल भारतीय कैंप अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, उक्त अभियान को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से प्रारंभ किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जेल में बंद ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है, जो अपराध के समय संभावित रूप से नाबालिग थे और उन्हें सहायक दस्तावेजों के साथ किशोरता के दावे के लिए आवश्यक आवेदन दाखिल करने में सहायता करना है।

इस तारतम्य में 27 जनवरी को उप जेल कटघोरा एवं 28 जनवरी को जिला जेल कोरबा में किशोरों की पहचान करने और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए श्रीमती शीतल निकुंज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों के द्वारा जेल का भ्रमण व विधिक जागरूकता शिविर किया गया, साथ ही बंदियो की आयु के संबंध में जानकारी लिया गया। जिस पर जिला जेल कोरबा एवं उप जेल कटघोरा में वर्तमान में



जेल का निरीक्षण करते अधिवक्ता।

कोई भी किशोर बंदी नहीं मिला व लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों द्वारा समस्त बंदियो से उनकी उम्र के संबंध में जानकारी लिया गया एवं उनके आयु से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बंदियो के संबंध में आने वाली समस्याओं, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति व अन्य कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित बंदियो को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, जमानत पेश करने में होने वाली समस्या व अन्य कानूनी जानकारी दिया गया। जेल में बंदियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा व बंदियों को दी जाने वाली भोजन का निरीक्षण व जानकारी लिया गया। विधिक जागरूकता शिविर में विजयानंद जेल अधीक्षक जिला जेल कोरबा व पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मियों को बोनस के साथ महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की भी मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली कर्मियों के लिए राहतभरी खबर है। कंपनी के चेयरमेन ने गणतंत्र दिवस पर कंपनी के कर्मी व पेंशनरों को मंहगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी की सौगात दी है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2023 से 42 प्रतिशत से बढ़ाकर 46 प्रतिशत किया गया है। साथ ही एक्सग्रेसिया/बोनस 11 हजार रूपए देने तथा वाहन भत्तें में वृद्धि की भी घोषणा की।

विद्युत कंपनी के चेयरमेन पी दयानंद ने कहा है कि हम कोयला आधारित संयंत्रों के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कदम बढ़ा रहे हैं। इसके लिए जनरेशन कंपनी ने प्रदेश के 5 स्थानों को पंप

**खास बात**

- बिजली कर्मियों के वाहन भत्ते में भी वृद्धि की घोषणा

स्टोरेज तकनीक से विद्युत उत्पादन के लिए चिन्हित किया है। कोरबा पश्चिम में लगभग 13,000 करोड़ की प्रस्तावित 1,320 मेगावॉट के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर परियोजना की स्थापना की दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की दिसम्बर 2023 की औसत लोड फेक्टर रिपोर्टर के अनुसार देशभर के 33 स्टेट पॉवर सेक्टर द्वारा संचालित विद्युत संयंत्रों का औसत प्लांट लोड फैक्टर 68.06 प्रतिशत रहा, जबकि इसी दौरान छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी का पीएलएफ 83.08 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस प्रकार जनरेशन कंपनी के संयंत्रों को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है।



### दो ट्रेलर के बीच भिड़ंत कटघोरा छुरी मार्ग में लगा जाम

**कोरबा।** दो ट्रेलर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से कटघोरा छुरी मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। घटना देर शाम की बताई जा रही है जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से चंद घंटों में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वहां को सड़क के किनारे किया गया। तब जाकर कटघोरा कोरबा मुख्य मार्ग बहाल हो सका। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी सब स्टेशन के समीप रविवार की देर शाम दो ट्रेलर वहां के बीच भिड़ंत हो गई। जिसकी वजह से यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो गई और कोरबा कटघोरा मुख्यमार्ग में दोनों दिशाओं पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। देर रात लगभग 8:30 बजे इस मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होने पर लोगों को आने-जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कटघोरा पुलिस को जब इसकी सूचना मिली कटघोरा पुलिस ने हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे किया गया। जिसके बाद यातायात व्यवस्था को पुनः बहाल किया जा सका।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग निजी हाथों में देने सरकार बढ़ा रही कदम, श्रम संगठन ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार जो नितियों बंना रही है उसके चलते देश के मेहनतकश संकट का सामना कर रहे हैं देश के धरोहर सार्वजनिक उपक्रमों को कमजोर किया जा रहा है इसी तरह देश के मेहनतकश कामगारों के अधिकारों को छीनकर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहीं कुछ चुनिंदा उद्योग घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए श्रम कानून को कमजोर कर श्रम कोड लाया जा रहा इसके साथ ही साथ देश का सब कुछ निजी हाथों में देने की ओर सरकार बढ़ रही है वहीं देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। इसी तरह देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग सभी निजी हाथों में देने की ओर सरकार बढ़ रही है जिसका श्रम संगठन विरोध कर रहे हैं।

उक्त बातें एटक कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान श्रमिक संगठन एटक, इंटक, सीटू व एचएमएस के श्रमिक नेताओं ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मजदूर संघ को छोड़





बैठक में शामिल श्रमिक संगठन के पदाधिकारी।

कर देश के सभी मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार के श्रम विरोधी, राष्ट्र विरोधी आर्थिक नितियों का खिलाफत करने के लिए 16 फरवरी को देश में औद्योगिक हड़ताल का एलान किया है। हड़ताल में सरकारी गैरसरकारी सभी क्षेत्र के अलावा राज्य सरकारों के आधीन आने वाले समस्त संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी भी हड़ताल मे शामिल रहेंगे। बैठक राज्य एटक के कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य एटक महासचिव हरिनाथ सिंह, सीटू के एसईसीएल प्रमुख वीएम मनोहर इंटक के भागवत सिंह एवं दीगर पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि गेवरा में 14 फरवरी को कन्वेंशन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि केंद्रीय श्रम संगठनों ने दिल्ली मे संयुक्त कन्वेंशन कर औद्योगिक हड़ताल का ऐलान किया है। बैठक में एमएल रजक, एसके सिंह, सुनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, एनके दास, कमर बख्श, सुभाष सिंह, राजेश पांडे, उज्जवल बनर्जी, नंदकिशोर साव, रेवत मिश्रा, मनोज शर्मा, प्रमोद बनर्जी एवं रामफल शामिल रहे।

***दीपका।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सूची जारी की है कि 43 लोगों को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उमावि, हाईस्कूल, शासकीय महाविद्यालय, सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। जिसमें सूर्य प्रकाश शर्मा को शासकीय महाविद्यालय दीपका का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है।

# सेंट्रिग उतारते समय राजमिस्त्री की फिसलने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक निर्माणाधीन मकान से सेटरिंग उतारते समय छत से राजमिस्त्री का पैर स्लिप हो गया और वह सीधे ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। आनन फानन में वहां मौजूद कर्मचारियों की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। आरामशीन निवासी राजा बाबू महंत 53 वर्ष पिता मुहूर्त दास महंत द्वारा बुधवारी बाजार स्थित एक निर्माणाधीन मकान में राजमिस्त्री का काम किया जा रहा था। जहां उसके द्वारा सेटरिंग प्लेट को नीचे उतारने का काम किया जा रहा था कि इसी बीच छत से उसका पैर स्लिप हो गया और वह सीधे ऊंचाई से नीचे आ गिरा। उसके नीचे गिरते ही वहां मौजूद अन्य ठेका श्रमिकों में हड़कंप मच गया और उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यातायात नियमों का पालन करें और जीवन को सुरक्षित रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत आज बाइक रैली के माध्यम से आमनागरिको को यातायात नियमों का सड़क पर पालन करने जागरूक किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और उन्होंने बाइक जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।





बाइक रैली को झंडा दिखाकर रवाना करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री ने सम्बोधित करते हुए सड़क पर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन अनमोल है और सड़क पर नियमों की अनदेखी कर के हम अपनी जिंदगी को खतरे में नहीं डाले। जीवन का सुरक्षा हमसे और हमारे परिवार से जुड़ा है। हमें बहुत तेज गति से वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से बचना चाहिए। मंत्री श्री देवांगन ने सड़क पर सावधानी के साथ वाहन चलाने और दूसरे के लापरवाही से बचने के लिए खुद को सतर्क रहने की बात भी कही। सीएसईबी फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि आप यातायात नियमों का पालन करेंगे तो किसी भी जाँच से डरने और जुर्माना देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पुलिस और प्रशासन आमनागरिको के लिए हैं। यातायात नियमों को तोड़ेंगे तो कार्यवाही होगी, जुर्माना देना पड़ेगा,इसलिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करिए और नियमों का पालन करिए। दुपहिया चलाते हुए हेलमेट अवश्य लगाए। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि सुरक्षा हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। इसके लिए खुद भी जागरूक होकर अपनी सुरक्षा के खातिर हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए। कलेक्टर ने कम उम्र के बच्चों को सड़क पर वाहन नहीं चलाने, यातायात सिग्नलों, संकेतकों का पालन करने की अपील भी की।

# सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली हेलमेट जनजागरूकता बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सड़क सुरक्षा माह को लेकर कटघोरा पुलिस ने हेलमेट बाइक रैली निकाली गई। लोगों को जागरूक करने सभी बाइक में सुरक्षा को लेकर संदेशात्मक तख्तियां लगाकर कटघोरा शहर में घूमकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। 35वां सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से जिले में शुरू हो गया है जो 14 फरवरी तक चलेगा।



बाइक रैली में शामिल पुलिस के अधिकारी कर्मचारी।

गणतंत्र दिवस पर जिला पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा के आर्गदर्शन में कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर तथा कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव के नेतृत्व में हेलमेट बाइक रैली निकाली गई। कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। हेलमेट बाइक रैली में पुलिस के अलावा महाविद्यालय के छात्रों व जिम्मेदार नागरिक सहित लगभग 80 बाइकर्स सम्मिलित हुए। हेलमेट बाइक रैली कटघोरा थाना से प्रारम्भ होकर कटघोरा के मुख्य चौराहे होते हुए अम्बिकापुर मार्ग तथा बिलासपुर मार्ग पर कसनिया होते कोरबा मार्ग पर जेन्जरा तक होते हुए कटघोरा थाना परिसर में इस रैली का समापन हुआ। बाइकर्स ने पंपलेट एवं तथ्यों के माध्यम से अन्य वाहन चालकों से अपील की कि वे दोपहिया पर हो सवार तो हेलमेट पहने, चार पहिया में सवार हो तो सीट बेल्ट लगाए, तेज गति से वाहन नहीं चलाये, अनावश्यक हॉर्न नहीं बजायें, रेड लाइट का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करे आदि संदेशों की तख्तिया लिए यातायात नियमो के पालन की अपील की गई। कटघोरा पुलिस ने हेलमेट बाइक रैली को सफल बनाने के लिए सम्मिलित सभी जिम्मेदार प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर सराहना की। कटघोरा पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए नित नए कार्यक्रम किए जा रहे है। नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 18,500/-

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024

राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411